प्रादेशिक समाचार
24.09.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने का दिया निर्देश, श्री कुमार ने कहा–चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं किया जायेगा बर्दाश्त।
2. भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्य सरकार पर लोक लुभावन घोषणाएं कर जनता को प्रलोभन देने का लगाया आरोप, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया पलटवार।
3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोड्डा में परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा–भाजपा की सरकार बनी तो महिलाओं के खाते में हर महीने भेजे जायेंगे दो हजार एक सौ रुपये।
4. झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण अब तक शुरू नहीं होने पर मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव और देवघर डीसी को जारी किया अवमानना नोटिस।
5. मौसम विभाग ने रांची, गोड्डा और साहिबगंज समेत राज्य के 14 जिलों में अगले तीन दिनों तक बारिश का जताया अनुमान, येलो अलर्ट जारी।

****

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने झारखंड में स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने का निर्देश दिया है। दो दिनों तक विधानसभा चुनाव की समीक्षा के बाद श्री कुमार ने कहा कि राज्य में समय से चुनाव कराया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव को लेकर की गयी तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव आयोग के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

****

लातेहार जिला प्रशासन आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गया है।

****

भाजपा के प्रदेश चुनाव सह–प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर चुनाव को देखते हुए कई लोक लुभावन घोषणाएं करने का आरोप लगाया है।

****

भाजपा के इस आरोप पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलटवार किया है। चतरा के ईटखोरी में आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि विपक्ष को यह नहीं भूलना चाहिए कि झारखंड ही नहीं पूरा देश दो वर्षों तक कोरोना से प्रभावित रहा था।

****

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गोड्डा जिले में परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला। श्री चौहान ने वादा किया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही महिलाओं के खाते में हर महीने दो हजार एक सौ रुपये डाले जायेंगे।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शिवेंदू अधिकारी आज धनबाद जिले में सिंदरी के बलियापुर में परिवर्तन यात्रा सभा में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की अस्मिता की रक्षा के लिए यहां भाजपा की सरकार जरुरी है।

****

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डा. इरफान अंसारी ने भाजपा पर विभाजन की राजनीति करने का आरोप लगाया है। सिमडेगा जिले में वीर शहीद अब्दुल हमीद स्मृति फुटबॉल डे नाइट प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होने के बाद वे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

****

दुमका के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार ने 63 टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 73 पीएचडी शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने शोध को बढ़ावा देने पर बल दिया।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण अब तक शुरू नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर की है। अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव और देवघर जिले के डीसी को अवमानना नोटिस जारी किया है। सभी अधिकारियों को 16 अक्टूबर तक जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

****

झारखंड समेत पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसके तहत आज कोडरमा के बलरोटांड मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल हुईं। मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य कुपोषण के खिलाफ लोगों में जागरुकता लाना है।

****

झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव रांची पहुंच गये हैं। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

****

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के 14 जिलों में 27 सितंबर तक बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दवाब के कारण रांची, गोड्डा और साहिबगंज समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश होगी।

*******समाप्त*******